अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0 प्र0, लखनऊ
Atal Bihari Vajpayee Medical University,U.P.,Lucknow

पत्रांक : 1114 / प्रवेश परीक्षा / अ0वि0वा0चि0वि0 / 2024,   दिनाँक : 01 –05– 2024

सेवा में,

कुलसचिव,
किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय,
उ0प्र0, लखनऊ।

विषयः–शैक्षणिक सत्र–2024–25 हेतु विभिन्न पैरामेडिकल स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा तथा काउंसिलिंग कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय में अवगत कराना है कि अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0 लखनऊ, से सम्बद्ध समस्त राजकीय एवं निजी पैरामेडिकल कालेजों तथा एस.जी.पी.जी.आइ.एम.एस. लखनऊ, के.जी.एम.यू लखनऊ एवं यू.पी.यू.एम.एस. सैफई में संचालित विभिन्न पैरामेडिकल स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा–**Common Paramedical Entrance Test(CPET-2024)** एवं प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंको के आधार पर तैयार की गयी मेरिट तथा उनके द्वारा प्रस्तुत विकल्प के आधार पर संस्थाओं के आवंटन हेतु काउंसिलिंग की कार्यवाही अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ द्वारा सम्पादित कराये जाने हेतु निर्णय लिया गया है।

उक्त के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024–25 में विभिन्न पैरामेडिकल स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा–**Common Paramedical Entrance Test(CPET-2024)** कराये जाने हेतु आन–लाइन आवेदन पत्र दिनांक 30.04.2024 से आमंत्रित किये जाने हेतु **विज्ञापन दिनांक 30.04.2024** को विभिन्न समाचार पत्रों (हिन्दी दैनिक जागरण एवं अमर उजाला प्रदेश स्तर पर तथा अंग्रेजी–Times of India एंव Hindustan Times-All India Level) में प्रकाशित कराया गया है तथा विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय के वेबसाइट–**https://abvmuup.edu.in** पर उपलब्ध है। **आन–लाइन आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10.06.2024 निर्धारित की गयी है।**

इस सम्बन्ध में मा0 कुलपति महोदय के निर्देशों के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 में विभिन्न पैरामेडिकल स्नातक / परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाले प्रवेश परीक्षा–**Common Paramedical Entrance Test (CPET-2024)** के सम्बन्ध में विज्ञापन अपने संस्था / कालेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराते हुए उक्त का व्यापक प्रचार–प्रसार अपने स्तर से कराने का कष्ट करें, ताकि अधिक अधिक अभ्यर्थी इससे लाभान्वित हो सके।

भवदीय,

(संजीव कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. स्टेट कोआर्डिनेटर(CPET–2024),अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता (नर्सिंग / पैरामेडिकल), अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, उ0प्र0,लखनऊ
3. निजी सचिव, मा0 कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय,उ0प्र0 लखनऊ।

कुलसचिव

9th Floor, Academic Block, Dr. Ram Manohar Lohia Institute of Medical Sciences, Vibhuti Khand, Gomtinagar, Lucknow-226010
Email: regabvmuup@gmail.com, http://abvmuup.edu.in, ☎ 0522-7118727, ✆9151024465